महत्वपूर्ण एवं खास

आपसी विवाद को लेकर महिला से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। बजरंग चौक रावाभाठा में आपसी विवाद के चलते युवक ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग चौक रावाभाठा प्रार्थिया ज्योति साहू 32 वर्ष ने थाना में शिकायत कि वह अपने मामा दयाराम के यहां रावाभाठा आया हुआ था। जहां प्रार्थिया आरोपी ईश्वर साहू के साथ बैठकर बात कर रहा था। तभी किसी बात को लेकर उन दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपी ने हत्या करने के नियत से प्रार्थिया पर डंडा से ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302, 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नुकीली हथियार से युवक पर हमला

रायपुर (आरएनएस)। संतोषीनगर ओव्हरब्रीज के पास एक युवक ने दूसरे युवक पर नुकीली हथियार से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषी नगर ओव्हरब्रीज निवासी प्रार्थी सुरेश जगत 19 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी विक्की महानंद ने प्रार्थी से आपसी विवाद को लेकर गाली-गलौज कर नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। रिंग रोड नंबर 2 स्थित श्रद्धा फोटो स्टूडियो के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रणवीर सिंह 33 वर्ष वीर सावरकर नगर हीरापुर का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल रात वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमयू 8442 से कहीं जा रहा था, तभी रिंग रोड नंबर 2 स्थित श्रद्धा फोटो स्टूडियो के पास ट्रक क्रमांक एमएच 16 सीडी 2525 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार रणवीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

ठेकेदार ने की बुजुर्ग महिला से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। विप्र नगर रायपुरा में निर्माणाधीन मकान के ठेकेदार ने अपने दोस्त के साथ मिलकर बुजुर्ग महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार तरूण नगर डगनिया निवासी प्रार्थिया पुष्पा पांडे 60 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि विप्र नगर रायपुरा में उसका निर्माणाधीन मकान के ठेकेदार आरोपी प्रदीप शर्मा ने बिना पूछे प्रार्थिया के सबमर्सिबल पंप को ले गया। जिससे प्रार्थिया ने क्यों ले गए कहा तो आरोपी ठेकेदार ने अपने दोस्त हर्षित शर्मा के साथ मिलकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

आमजन के बीच पारदर्शिता के माध्यम से विश्वास हासिल करना ही शासन का मुख्य लक्ष्य : मुख्यमंत्री

- बोरी के नवीन तहसील कार्यालय भवन के लोकार्पण के अवसर पर कही ये बात
- 26 ग्राम पंचायत को नवीन तहसील कार्यालय भवन से मिलेगा लाभ
- 12 विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री ने जाति प्रमाण पत्र का किया वितरण

रायपुर (आरएनएस)। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकासखंड धमधा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरी में निर्मित नवीन तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन 16 कक्ष से सुसज्जित हैं, जिसमें कर्मचारियों सहित आने वाले लोगों के लिए पूर्ण सुविधाएं हैं।

नवीन तहसील कार्यालय के लोकार्पण के मौके पर लोगों में खुशी की लहर थी, स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

छत्तीसगढ़ शासन ने सार्वजनिक सुविधाओं को जन जन तक पहुंचाने और संतुलित विकास को सुनिश्चित करने के लिए बोरी में इस नवीन तहसील की स्थापना की है। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित जनों से रूबरू भी हुए। निरीक्षण के अवसर पर लोक सेवा केंद्र के ऑपरेटर ने मुख्यमंत्री को बताया कि ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति कहीं भी अपनी सुविधा अनुरूप इंटरनेट के माध्यम से जरूरी दस्तावेज प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री

ने कहा कि आमजन के बीच पारदर्शिता के माध्यम से विश्वास हासिल करना ही छत्तीसगढ़ शासन का मुख्य लक्ष्य है। इसलिए छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन का विकेंद्रीकरण कर रही है और ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन सिस्टम की स्थापना कर रही है ताकि कार्य को सभी के लिए पारदर्शी बनाया जा सके। उन्होंने उपस्थित जनों को बताया कि राजस्व मामलों के निस्तारण के लिए ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे।

तहसील कार्यालय के शुरू होने से लोगों के समय की बचत होगी। साथ ही क्षेत्र के 26 ग्राम पंचायतों के लोगों को अपने राजस्व मामलों को सुलझाने में सुविधा होगी। तहसील के अंतर्गत 11 पटवारी हल्के हैं, जिससे राजस्व सुविधा में बढ़ोतरी होने के साथ-साथ प्रशासनिक कार्य को भी मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर 12 विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा जाति प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग से 07, अनुसूचित जाति से 03 और अनुसूचित जनजाति से 02 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

नवीन तहसील कार्यालय में कुल 16 कक्ष हैं। जिसमें 01 मीटिंग हॉल, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 12 कक्ष, प्रसाधन के लिए 02 कक्ष और पेयजल व्यवस्था के लिए 01 वाटर कक्ष भी उपलब्ध है।

32 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर युवा विंग ने राजभवन का किया घेराव

- सप्रे स्कूल के पास पुलिस ने रोका

रायपुर (आरएनएस)। 32 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आज सर्व आदिवासी समाज के युवा विंग के सदस्यों ने बूढ़ापारा धरनास्थल में जंगी प्रदर्शन किया। राजभवन का घेराव करने निकले सैकड़ों आदिवासी युवाओं को पुलिस ने बेरिकेट लगाकर सप्रे स्कूल मैदान के पास रोका इस बीच सभी सदस्य जमकर नारेबाजी करते हुए 32 प्रतिशत आरक्षण को लागू नहीं होने देने वाले राजनीतिक दलों के खिलाफ जमकर आक्रोश निकाले। पुलिस प्रशासन ने अधिकारियों की उपस्थिति में ज्ञापन लेने आए अधिकारियों को सुरक्षा प्रदाय करते हुए प्रतिनिधि मंडल से ज्ञापन लिया।

ज्ञातव्य है कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा एक एवं दो दिसम्बर को विधानसभा के विशेष सत्र में आदिवासियों की सरकारी नौकरियों में 32 प्रतिशत आरक्षण की मांग को स्वीकार किया गया था, किन्तु राजभवन में अब तक राज्यपाल द्वारा विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं होने के कारण संशोधन विधेयक में 32 प्रतिशत शामिल करने को लेकर सर्व आदिवासी समाज के पांताध्यक्ष कुंदन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में बूढ़ापारा धरना स्थल में जंगी प्रदर्शन किया जा रहा है। धरने में केबिनेट मंत्री कवासी लखमा एवं डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम शामिल हुए। धरने को सम्बोधित करते हुए केबिनेट मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि वे पहले आदिवासी है, फिर विधायक। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार आमजनों के अधिकारों को संरक्षित करते हुए 76 प्रतिशत आरक्षण एससी, एसटी, ओबीसी, आदि के लिए विधेयक के जरिए कानून बनाना चाहती है, किन्तु भाजपा नेताओं के दबाव में अब तक विधेयक पर सिर्फ विचार ही हो रहा है।

नौकरी लगाने के नाम से युवती से छह लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा में एक युवती से 6 लाख रुपए की ठगी हो गई। उसे किसी अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले शख्स ने कहा था कि मैम आपकी नौकरी इंडिगो एयरलाइंस में लग गई है। मगर रजिस्ट्रेशन और कुछ अलग-अलग काम के लिए पैसे देने होंगे। इसके बाद युवती से 6 लाख रुपए ले लिए गए। फिर आरोपियों ने अपना फोन ही बंद कर दिया। जिसके बाद मामला थाने पहुंचा और पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला रामपुर

चौकी क्षेत्र का है।

इस केस में अवनी शुक्ला नाम की युवती ने शिकायत की थी। उसने बताया कि साल भर पहले उसे फोन आया था। फोन करने वाले शख्स ने कहा कि आपकी नौकरी इंडिगो एयरलाइंस में टिकट काउंटर के लिए लग गई है। सैलरी भी अच्छी मिलेगी। लेकिन रजिस्ट्रेशन और प्रोसेस के लिए आपको कुछ पैसे जमा करने होंगे। ये जानने के बाद युवती राजी हो गई और उसने अलग-अलग बार में आरोपियों के खाते में 6 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन काफी दिन बीत जाने के बाद भी युवती की नौकरी नहीं लगी। इस पर युवती ने आरोपियों को फोन भी किया। तब उन्होंने कुछ दिन तक टालमटोल किया। इसके बाद फोन ही बंद कर लिया था। जिस पर कुछ दिन पहले ही युवती ने पूरे मामले को लेकर शिकायत की थी।

शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि और उन खाते के बारे में पता लगाया। जिनमें युवती ने पैसे ट्रांसफर किए थे। जिसमें पुलिस को पता चला कि ये खाते उत्तर प्रदेश के चंद्रप्रकाश जाटव और संदीप जाटव के नाम से हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर दबिश दी और चंद्रप्रकाश जाटव को गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी संदीप अभी फरार है।

सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराकर टैंकर चालक की मौत, बाइक से जा रहा था ड्यूटी पर

जांजगीर (आरएनएस)। सडक़ किनारे खड़े ट्रेलर से टकराकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। वह खदान में टैंकर चलाने का काम करता था।

हादसे बाद लोगों ने सडक़ पर जाम लगा दिया। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, हरदी बाजार निवासी सत्येंद्र डहरिया (34) कोरबा स्थित दीपका खदान में टैंकर चालक था। वह रोज की तरह सोमवार सुबह भी करीब 5 बजे ड्यूटी पर बाइक से जा रहा था। अभी सत्येंद्र ग्राम बुडगाहन के पास पनोरापारा पहुंचा था कि सडक़ किनारे खड़े ट्रेलर से जा टकराया। हादसे में सत्येंद्र को सिर पर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे से परिजन और ग्रामीणों भडक़ गए। उन्होंने सडक़ पर शव रखकर जाम कर दिया। करीब चार घंटे तक प्रदर्शन चलता रहा। जिससे हरदी बाजार मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई। सूचना मिलने पर डीएसपी चंद्रशेखर परमा और राजस्व विभाग के अधिकारी पहुंच गए। लोगों का आरोप था कि अव्यस्थित खड़े ट्रकों के कारण आए दिन हादसे होते हैं।

बेटे को कस्टडी में लेने हाईकोर्ट पहुंचा पिता

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आज अहम फैसला सुनाई. एक फैसले में कहा है कि पिता अपने नाबालिग बेटे का प्राकृतिक अभिभावक है लेकिन वह कस्टडी के मुद्दे पर सदैव उसके पक्ष में फैसला नहीं किया जा सकता। मामले में हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने फैमिली कोर्ट के फैसले कि सही ठहराया है जिसमें बच्चे की कस्टडी में देने के पिता के आवेदन को खारिज कर दिया गया है। पिता ने हिंदू माइनॉरिटी एंड गार्जियनशिप एक्ट की धारा 6 के तहत अपने 9 बेटे की कस्टडी पाने के लिए फैमिली कोर्ट में आवेदन लगाया था, जो अपने नाना के साथ रहता है। कोर्ट ने फैमिली कोर्ट एक्ट की धारा 19 (1) के तहत पिता का आवेदन खारिज कर दिया।

अपीलकर्ता पिता ने कहा कि 15 वर्ष पहले उसका विवाह हुआ था। विवाह के बाद उसका

बेटा पैदा हुआ। बाद में पत्नी की रीढ़ की हड्डी टूट गई और वह उसकी देखभाल करता रहा। सन् 2014 में वह घर छोडक़र मायके चली गई और अनुरोध के बाद भी वापस आने से इंकार कर दिया। पत्नी ने भरण-पोषण के लिए कोर्ट में आवेदन लगाया था, जिस पर 2000 रुपये प्रतिमाह देने का आदेश भी हुआ था। इस बीच उसका देहांत हो गया। तब कोर्ट ने पिता को कानूनी रूप से कस्टडी में रखने की अनुमति दी।

अवैध शराब के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 68 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सातपारा में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी गोविंद पहाड़ी 50 वर्ष और उसके पुत्र लोकेश पहाड़ी 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 68 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों पिता-पुत्र के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

ट्रांसपोर्टर के घर से लाखों रुपए कैश और ज्वेलरी पार

बिलासपुर (आरएनएस)। रविवार रात बिलासपुर के सरकंडा क्षेत्र में चोरों ने ट्रांसपोर्टर के सूने मकान को निशाना बनाया. लाखों रुपये कैश सहित लाखों के सोने के जेवर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

चोर इतने शातिर थे कि घर में लगे सीसीटीवी भी लेकर फारार हो गए. सरकंडा पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई हैं।

राजकिशोर नगर कल्याण बाग में रहने वाला सच्चानंद मंगलानी ट्रांसपोर्टिंग का काम करता हैं. शनिवार को मंगलानी अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित रायपुर चला गया. इस दौरान सूने मकान का

फायदा चोरों ने उठाया. शनिवार देर रात चोर घर पहुंचे. दरवाजे को उन्होंने सब्बल से तोड़ा और अंदर घुस गए. घर के अंदर घुसने के बाद चोरों ने पहले पूरे मकान की छानबीन की. सभी कमरों में होते हुए वे बेडरूम पहुंचे. अलमारी तोड़ा और उसमें रखा 5 लाख कैश सहित लाखों रुपये के सोने और चांदी के गहने चोरी कर लिए।

दशगात्र भोज करने के बाद 66 ग्रामीणों को फूड प्वाइजनिंग

- स्वास्थ्य अमला ने गांव में लगाया कैंप, 40 मरीजों का अस्पताल में चल रहा इलाज

सूरजपुर (आरएनएस)। जिले में दशगात्र का भोजन करने के बाद लगभग 66 ग्रामीण फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए हैं. इसमें बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं. इसकी जानकारी मिलने ही स्वास्थ्य अमला ने गांव में ही कैंप लगाकर ग्रामीणों का इलाज शुरू कर दिया है. लगभग 40 ग्रामीणों की हालत ज्यादा खराब थी, जिन्हें सूरजपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया.

फिलहाल सभी की स्थिति खतरे के बाहर बताई जा रही है. जिला अस्पताल में सभी मरीजों का इलाज जारी है।

मामला रामानुज नगर ब्लॉक के बिशनपुर गांव का है, जहां दशगात्र कार्यक्रम में भोजन के लिए बड़ी संख्या में लोगों को आमंत्रित किया गया था. बताया जा रहा है कि लगभग 100 से ज्यादा लोगों ने खाना खाया था, खाना खाने के कुछ समय बाद ज्यादातर लोगों को उल्टी और दस्त की समस्या शुरू हो गई. ग्रामीणों ने इसकी जानकारी रामानुजनगर स्वास्थ्य केंद्र में दी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला गांव में पहुंच कैंप लगाकर ग्रामीणों का इलाज शुरू कर दिया है.

कई मरीज कैंप में ही ठीक हो गए, लेकिन लगभग 40 ग्रामीणों की स्थिति खराब होने की वजह से उन्हें जिला अस्पताल सूरजपुर रेफर कर दिया गया. बीमार लोगों में बच्चे और महिलाओं की संख्या 30 से ज्यादा बताई जा रही है. राहत की बात यह है कि सभी मरीज खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं. लगभग 26 से ज्यादा लोग ठीक हो कर घर जा चुके हैं, जबकि 40 लोगों का इलाज अभी भी जिला अस्पताल में जारी है।

लोक सेवा गारंटी योजना से नक्शा, खसरा, बी-वन मिलना अब हुआ आसान

- महासमुंद जिले में चार साल में 7 लाख 23 हजार से ज्यादा प्रकरण निराकृत

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार शासन-प्रशासन की त्वरित कार्यप्रणाली के कारण लोक सेवा गारंटी अधिनियम का लाभ सहजता से जनसामान्य को मिल रहा है। मुख्यमंत्री बघेल की मंशा के अनुरूप सभी शासकीय कार्यालयों में लोकसेवा गारंटी के तहत अधिसूचित सेवाएं समय-सीमा में उपलब्ध होने से शासन-प्रशासन के प्रति जन विश्वास लगातार बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित नियत समय के भीतर छत्तीसगढ़ राज्य में लोक सेवा प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है।

अकेले महासमुंद जिले में ही विगत चार वर्षों में 7 लाख 23 हजार 55 प्रकरण निराकृत हुए हैं। महासमुंद जिले में अब तक विभिन्न विभागों से लगभग 75 विषयों से संबंधित कुल 8 लाख 17 हजार 315 आवेदन मिले थे। जिसमें से 7 लाख 23 हजार 55 आवेदन समय सीमा में निराकृत किए गए। इसमें से कुछ वापस हुए और कुछ दस्तावेजों की कमी के कारण निरस्त हुए।

जानकारी के अनुसार इनमें से सबसे ज्यादा आय प्रमाण पत्र के 3,14,447 आवेदन, मूल निवास प्रमाण पत्र के 1,31,866 आवेदन, अन्य पिछड़ वर्ग प्रमाण पत्र के 67231 आवेदन निराकृत किए गए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के 48,375 इसी प्रकार भुइयां से नकल (भूमि दस्तावेज आदि) हेतु 30,671 एवं जन्म पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र के 13,630 निराकृत किए गए।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन की धारणा को ध्यान में रख कर नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों में ई-डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट की परिकल्पना कर उसे राज्य में लागू किया गया है। यह जिला प्रशासन की आंतरिक प्रक्रियाओं के स्वचालन के रूप में की गई है जो जिलों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जिला प्रशासन के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक वर्कफ्लो प्रणाली बनाने में मदद कर रही है।

कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), लोक सेवा केंद्र, ऑनलाइन और इंटरनेट के माध्यम से कुशल व्यक्तिगत विभाग सेवाएं प्रदान करने में मदद मिल रही है। ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना को राज्य में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत कार्यान्वित किया जा रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जानकारी किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन एवं प्रतिष्ठित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

समी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU